# जिला बलौदाबाजार-भाटापारा

## प्रोजेक्ट-01

## संपर्क अभियान

- **Problem Statement:-** जब जिले में बहुत से आमजन एवं नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर जिला कार्यालय आते थे, तो उनकी समस्या जनदर्शन के माध्यम से निराकरण की जा रही थी। जिले में कई ग्रामीण जन दूर-दूर से अपनी समस्याओं को लेकर जिला कार्यालय आते थे, जिससे ग्रामीणों के समय के साथ-साथ धन का भी व्यय होता था। ग्रामीणों/नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के दृष्टिकोण से एक ऐसे प्लेटफार्म पर विचार किया गया, जिसमें ग्रामीण एवं नागरिक अपने पंचायत/अपने गांव से अपनी मांगों/समस्याओं को जिला प्रशासन एवं विभागों को अवगत करा सके एवं उनकी समस्या का तत्काल निराकरण हो सके। इसी क्रम में संपर्क अभियान जिला बलौदाबाजार में 08 अगस्त 2024 से प्रारंभ किया गया।
- **Solution overviews:-**

### Existing System:-

1. ग्रामीण स्वयं कार्यालय जिला कार्यालय आते हैं।
2. समस्या का भौतिक रूप से आवेदन देना पड़ता था।
3. समस्या निराकरण उपरांत जानकारी चिट्ठी के माध्यम से भेजी जाती थी। पूरे process 15-20 दिन का समय लगता था।
4. ग्रामीणों को आने-जाने में व्यय लगता था।

### System after Innovation :-

1. ग्रामीणों को स्वयं नहीं आना पड़ता।
2. फोन के माध्यम से/ virtually ग्रामीण/नागरिक अपनी समस्या बताते हैं।
3. समस्याओं का 48 घंटे के भीतर निराकरण कर संबंधितों को सीधे सूचना प्रदान की जाती है।
4. पूरे ग्राम से ग्रामीण/नागरिक फोन से अपना virtually जुड़ जाते हैं। अतः उनको आने-जाने में किसी प्रकार का व्यय नहीं लगता।
5. संपर्क केन्द्र में संवाद हेतु जिले के सभी विभागों को रोस्टर निर्धारित कर प्रतिदिन 2 time slot में संपर्क केन्द्र में संवाद हेतु virtually ग्रामीणों से पूछते हैं। विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी देते हैं। जिससे शासन की योजनाओं में हो रहे updation ग्रामीणों को पता लगता है।
6. संपर्क केन्द्र में संवाद के दौरान PMAY के नये आवास की स्वीकृति की जानकारी।
7. विभाग की योजनाओं का feedback लेना।
8. जमीनी स्तर पर लोगों के साथ चर्चा कर मुद्दों का निराकरण करना। एक प्रकार का ''सामाजिक अंकेक्षण'' संभव हो सका है।

इस प्रकार ग्रामीणों/नागरिकों की समस्याओं का निराकरण घर/ग्राम में रहकर हो रहा है। यह एक प्रभावी तरीका क्योंकि जिला प्रशासन के अधिकारी सीधे समस्याओं को सुन रहे हैं और संवाद कर रहे हैं तथा निराकरण भी संपर्क के माध्यम से ग्रामीणों को अवगत करा रहे है जिससे ग्रामीणों में शासन प्रशासन के प्रति विश्वास की भावना बढ़ी है।

- **Key features :-**
  1. जिले में संपर्क अभियान के तहत् जिला कलेक्टर कार्यालय में संपर्क केन्द्र की स्थापना की गई।
  2. संपर्क केन्द्र का नम्बर 92018-99925 जारी किया गया जिसमें कोई भी नागरिक 10.00 बजे से 5.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।
  3. संपर्क केन्द्र में virtually प्रतिदिन 10 ग्राम पंचायतों से संपर्क किया जाता है, जिसमें गांव के ही नागरिक अपनी समस्या/अन्य विषय को बताते हैं।
  4. जो सभी समस्याएं फोन के माध्यम से या virtually हमें प्राप्त होती है उसका निराकरण 48 घण्टे के भीतर किया जा रहा है। संपर्क केन्द्र के माध्यम से आज दिनांक तक 494 समस्याओं में से 375 समस्याओं का निराकरण जिले द्वारा किया जा चुका है।

- **Benefits of Citizens :-**
  1. समस्याओं का त्वरित निराकरण
  2. समय की बचत
  3. पैसे की बचत
  4. अधिकारियों से सीधे संपर्क
  5. शासन की योजनाओं की जानकारी एवं उनका updates
  6. संपर्क केन्द्र में संवाद के दौरान PMAY के नये आवास की स्वीकृति की जानकारी।
  7. विभाग की योजनाओं का feedback लेना।
  8. जमीनी स्तर पर लोगों के साथ चर्चा कर मुद्दों का निराकरण करना। एक प्रकार का ‘‘सामाजिक अंकेक्षण’’ संभव हो सका है।
  9. धरातल पर विभागीय योजनाओं की मॉनिटरिंग

**विशेष उपलब्धि–** चार साल से गुमशुदा ग्राम ओड़ान निवासी 45 वर्षीय श्रीमती मोंगरा साहू को राजस्थान से सकुशल संपर्क केन्द्र के माध्यम से वापसी करायी गई है। 17 सितम्बर को जिले में स्थापित संपर्क केन्द्र के जरिये अपना घर आश्रम भरतपुर वालों ने महिला के संबंध में जानकारी संपर्क केन्द्र जिला बलौदाबाजार भाटापारा को दी।

संपर्क केन्द्र को जानकारी मिलते ही कलेक्टर बलौदाबाजार के निर्देशन में जिला अधिकारियों ने ट्रेकिंग की एवं महिला से संपर्क किया एवं उनको सकुशल वापस लाने की व्यवस्था की गई एवं 04 साल बाद वापस आने के बाद महिला ने जिला प्रशासन को आभार व्यक्त किया।

- **Team :-**
  1. All District Officer
  2. Joint Collector
  3. NIC Team
  4. EDM Chips
  5. PRO

- **Road Map :-**
  1. ग्राम पंचायत स्तर में mygov.in के volunteers द्वारा पंचायत स्तर पर इसका संचालन हो, यह योजना बनाई जा रही है।
  2. नशा मुक्ति अभियान में यह पहल सहायक भूमिका निभायेगा।
  1. Volunteer Creation


सम्पर्क
संवाद • समन्वय • समाधान
92018-99925
Baloda Bazar Bhatapara
kinley
NIC

दैनिक भास्कर आंचलिक 02-10-2024

कर्मचारी पति-पत्नी एक साथ फिर भी कार्रवाई नहीं की गई।

# प्रशासन ने कर्नाटक में 3 बच्चे और 11 बंधक मजदूरों की घर वापसी कराई

भास्कर न्यूज | बलौदाबाजार


श्रम विभाग द्वारा ग्राम लाहोद के 3 बच्चें सहित कुल 8 बंधक मजदूरों को कर्नाटक से सकुशल घर वापसी करायी गई है। जिसमें 5 पुरुष एवं 3 महिला, बच्चो में 2 लड़का एवं 1 लड़की शामिल है। इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को श्रमिक बंधुओं से मुलाकात कर उनका हालचाल का जायजा लिया।

मजदूर तोरण बंजारे ने बताया की हमें गन्ना कटाई मजदूर के नाम से लवन के पहचान वाले तेजराम पात्रे के द्वारा 10 सितम्बर को नागपुर गए, वहां सप्ताहभर काम करने के बाद 17 सितम्बर को एक अन्य ठेकेदार के द्वारा कर्नाटक राज्य मंडिया जिले के अंतर्गत ग्राम कोपल्लू में गन्ना कटाई हेतु कार्य करने लगे। मालिक द्वारा न ही रहने, खाने एवं पानी पीने की भी व्यवस्था नहीं कराई गई साथ ही मजदूरी से अधिक अतिरिक्त कार्य कराई जा रही थी। जिससे हम लोगों को बड़ी ही तकलीफ हो रही थी। हमने घर वापसी करना चाहा तो उनके द्वारा न ही हमें आने देते थे एवं बंधक बनाकर ही मजदूरी का कार्य कराते थे। बाद में हमने सोशल मीडिया के द्वारा अपनी पीड़ा साझा किए जिससे आज हम सकुशल घर वापसी हुई है। श्रम विभाग की ओर से सह श्रम निरीक्षक अभय दुबे, कोमल सिंह मरावी मजदूरों से संपर्क कर उन्हे सकुशल लाने हेतु कर्नाटक पहुंचे थे।



बलौदाबाजार| कलेक्टर दीपक सोनी ने श्रमिकों से मुलाकात की।


सम्पर्क
संवाद • समन्वय • समाधान
92018-99925



92018-99925
सम्पर्क सुविधा केंद्र का कलेक्टर ने किया शुभारंभ,
सम्पर्क नंबर 92018-99925 पर संपर्क कर
घर बैठे दर्ज करा सकते है अपनी शिकायत
जिला प्रशासन, बलौदाबाजार-भाटापारा


92018-99925